तू मेरा हीरो | by Sheetal Pandey

तू मेरा दाता है तू मेरा रहबर है
मेरी इस कहानी का तू हीरो है
ये तेरी कृपा ही है वरना अपनी तक़दीर तो जीरो है

मेरे इस जीवन का प्रभु सार तुम्ही हो आधार तुम्ही हो
मेरे भीतर का कलाकार तुम्ही हो
जिस धारा में मेरी हर स्वांस बहती वो धार तुम्ही हो
मेरे दिल में बसता है जो प्यार तुम्ही हो
सारी दुनिया कुछ भी समझे मैं तो बस इतना जानू
तू मेरा दाता है ....

जिस रुतबे से जीते है वो शान है तुमसे पहचान है तुमसे
बुझे बुझे चेहरों पे मुस्कान है तुमसे
जिस दम पे हमने ये आसमान छुआ है वो उड़ान है तुमसे
मुझमे जो भी अच्छा है वो श्याम है तुमसे
सबके चेहरों पे परदे हैं परदे का सच तू जाने
तू मेरा दाता है ....

खुद से ज़्यादा तू मेरा मान रखता है सम्मान रखता है
सब तू ही करता मेरा नाम करता है
अपनों से भड़कर मेरा तू ध्यान रखता है सुबह शाम रखता है
सोनू तेरे रेहमत को प्रणाम करता है
जग वो देखे जो तू दिखाए सच क्या है ये मैं जानू
तू मेरा दाता है ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%82-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%80%e0%a4%b0%e0%a5%8b-by-sheetal-pandey/